01/05/2024

आकाशवाणी ईटानगर

श्रमिकों के योगदान का सम्मान करने के लिए आज विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जा रहा है। इसे मई दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन का उद्देश्य विश्व में आर्थिक और सामाजिक अधिकारों को प्राप्त करने में श्रमिकों के बलिदान को याद करना है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सोशल मीडिया पोस्ट में प्रदेश के सभी श्रमिको को इंटरनेशनल लेबर डे शुभकामनाए देते हुए लोगों के जीवन को आसान बनाने में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया है। उन्होंने कहा कि सरकार कामगारो के लिए बेहतर वर्किंग कंडिशन उपलब्ध कराने और उन्हें उचित मजदूरी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री खांडू ने कहा कि सामाज के आर्थिक और सामाजिक विकास में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है और उनके अधिकारों की रक्षा के साथ ही उनका कल्याण सर्वोपरि होना चाहिए। राजधानी ईटानगर के मोपिन-सोलुंग ग्राउंड, ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट, लोअर दिबांग वैली के रोईंग सहित राज्यभर में आज अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए।

000000000000000

आर्थिक गतिविधियों के नजरिए से देश के दो प्रमुख राज्य महाराष्ट्र और गुजरात का आज चौसठवां स्थापना दिवस है। एक मई उन्नीस सौ साठ को इन दोनों राज्यों का भाषाई आधार पर विभाजन हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र और गुजरात के नागरिकों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी है।

राजभवन ईटानगर में एक भारत श्रेष्ठ भारत की थीम पर आयोजित गुजरात और महाराष्ट्र के स्थापना दिवस समारोह में प्रदेश में कार्यरत इन दोनों राज्यों के अधिकारी, बिजनेसमैन और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत नागरिक मौजूद थे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाईक ने गुजरात और महाराष्ट्र स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई की आने वाले दिनों में अरुणाचल और इन दोनों राज्यों के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

0000000000000000000000

गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन/सिफारिशें आज से शुरू हो गया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख **15 सितंबर, 2024** है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी सेवक भी शामिल है, पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं हैं।

000000000000000000

नई दिल्ली में पंजीकृत रीडिंग प्रोमोशन इंडोमेंट ट्रस्ट द्वारा अरुणाचल प्रदेश के गरीब और कमजोर वर्ग के युवाओं को रीडिंग प्रोमोशन सहित उनकी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लोहित जिले के बंबूशा लाईब्रेरी के प्रभारी शिवानी पुल को पहला मंदाकिनी खांडेकर मेमोरिएल फेलॉशिप प्रदान किया गया है। इस फेलॉशिप के तहत आगामी तीन जून को आई आई टी गांधी नगर में उन्हें मॉडर्न लाईब्रेरी मैनेजमेंट एण्ड सर्विसेस विषय पर एक महीने के इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट आऊटडोर स्टेडियम में स्थापित स्पीयरहेड वेटरेन्स सर्विस केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को लिखावाली में सेना के जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मेजर जनरल आकाश जोहर ने किया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त तायी ताग्गु, सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

मेजर जनरल आकाश जोहर ने बताया कि स्पीयरहेड वेटरेन्स सर्विस केंद्र की स्थापना से अरुणाचल और असम के भूतपूर्व सैनिकों और वीर नारीज को सरकार और सैनिक कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठाने और समस्याओं के समाधान में मदद मिलेगी।

0000000000000000000000

तवांग के जिला उपायुक्त सभागार में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पूर्वोत्तर रीजन के प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर कार्यालय द्वारा इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल, टीडीएस कॉम्लाएंसम ई-वेरिफिकेशन स्कीम, शिकायत निवारण माह, एस.टी कटेगरी के लोगों के लिए इनकम टैक्स में छूट सहित विभिन्न विषयों के बारे में सभी हितधारको को जानकारी दी गई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पूर्वोत्तर रीजन की प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर चैताली पानमैई ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए देशभर में आयकर संग्रह में नॉर्थ ईस्ट रीजन के योगदान की जानकारी दी। इस कार्यशाला में एक सौ पचास से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

00000000000000000000

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के पहले और दूसरे चरण का कुल मतदान प्रतिशत जारी किया। आयोग के अनुसार पहले चरण में 66 दशमलव एक-चार प्रतिशत और दूसरे चरण में 66 दशमलव सात-एक प्रतिशत मतदान हुआ। आयोग ने बताया कि पहले चरण में 66 दशमलव दो-दो प्रतिशत पुरुष मतदाता, 66 दशमलव शून्य-सात प्रतिशत महिला मतदाता और 31 दशमलव तीन-दो प्रतिशत थर्डजेंडर के मतदाताओं ने वोट डाला। दूसरे चरण में 66 दशमलव नौ-नौ प्रतिशत पुरुष मतदाता, 66 दशमलव चार-दो प्रतिशत महिला मतदाता और 23 दशमलव आठ-छह प्रतिशत थर्डजेंडर मतदाताओं ने वोट डाला।

0000000000000000000

केन्द्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को दिये जाने वाले शिक्षा और छात्रावास भत्ते में बढोतरी की है। यह निर्णय इस वर्ष जनवरी में मंहगाई भत्ता पचास प्रतिशत तक पहुंचने के बाद आया।

यह निर्णय कार्मिक लोक शिकायत और प्रशिक्षण मंत्रालय के वर्ष 2018 के निर्देश का पालन करता है, जिसके अनुसार जब भी मंहगाई भत्ता पचास प्रतिशत बढेगा तो भत्ते और रियायत में भी 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इस निर्णय के अनुसार शिक्षा भत्ते के लिए दो हजार आठ सौ बारह रूपये प्रतिमाह और छात्रावास भत्ते के लिए आठ हजार चार सौ सैंतीस रूपये प्रतिमाह की सबसिडी तय की गई है। दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा भत्ते की राशि पांच हजार छह सौ पच्चीस रूपये होगी।

0000000000000000